गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद

(ISO-9001:2015 एवं ISO-14001:2015 प्रमाणित संस्था)

सार्वजनिक सूचना

प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अन्तर्गत निजी विकासकर्ताओं द्वारा विकसित क्षेत्र में बनाए जा रहे भवनों के आवंटन हेतु दिनांक 03.07.2019 से 03.09.2019 तक ऑनलाईन योजना प्रकाशित की गई थी। योजना के अन्तर्गत निजी विकासकर्ता मै० एस०सी०सी० बिल्डर प्रा०लि०, एस०सी०सी० ब्लॉक, खसरा सं० 1179 व 1180 ग्राम नूरनगर गाजियाबाद के 252 भवनों हेतु पात्र पाये गये आवेदकों के मध्य आरक्षण/आवंटन लॉटरी ड्रॉ दिनांक 21.12.2020 को प्राधिकरण के हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में प्रातः 10.00 बजे से किया जाना प्रस्तावित है।

ड्रॉ से पूर्व प्राधिकरण की वेबसाईट **www.gdaghaziabad.com** एवं प्राधिकरण के जन सम्पर्क कार्यालय में उपलब्ध पात्र आवेदकों की सूची की प्रविष्टियों में दिनांक 10.12.2020 से 11.12.2020 तक आपत्ति एवं आवश्यक संशोधन हेतु आवेदक निर्धारित अवधि में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरान्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। समस्त आवेदक लॉटरी ड्रॉ में निर्धारित तिथि व समय पर अपनी पंजीकरण धनराशि की मूल चालान प्रति लेकर स्वयं उपस्थित रह सकते हैं।

सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, :@gdagzb, :@gdagzb

हेल्पलाइन नं. : 0120-3342433, व्हाट्सअप : 9818988807, वेबसाइट : www.gdaghaziabad.com

एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प